# फुटवियर पार्क देगा चमड़ा उद्योग को नई उड़ान

## काउंसिल फॉर लेदर एक्सपोर्ट ने उठाई कॉमन फैसिलिटी सेंटर की मांग


■ **NBT रिपोर्ट, कानपुर**

उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश में चमड़ा उद्योग को प्रोत्साहन देने के लिए फुटवियर पॉलिसी लाने की तैयारी कर रही है। इस बीच चमड़ा उत्पाद निर्यातकों की संस्था काउंसिल फॉर लेदर एक्सपोर्ट (सीएलई) ने मांग की है कि कानपुर में छोटे कारोबारियों के कॉमन फैसिलिटी सेंटर बनाया जाए। काउंसिल के रीजनल-चेयरमैन असद ईराकी ने बताया कि कॉमन फैसिलिटी सेंटर उद्यमियों की सहूलियत कई गुना बढ़ा देगा।

> छोटे कारोबारियों के लिए आसान होगी राह

**फंड की मांग :** रीजनल चेयरमैन ने बताया कि उन्नाव में क्रिएटिव डिजाइन स्टूडियो तैयार हो गया है। अब उत्तर प्रदेश के चमड़ा कारोबारियों को वैश्विक ब्रैंड्स की कॉपी नहीं करनी पड़ेगी। यहां अपनी रचनात्मकता के साथ नई-नई डिजाइनें तैयार हो सकेंगी। एक्सपोर्ट इम्पोर्ट बैंक से मिले 1 करोड़ रुपये से यहां मशीनें लगाई गई हैं। यहां विदेशों से मास्टर ट्रेनर बुलाकर देसी ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से फंड के लिए पत्राचार किया गया है।

AI Image



### 'कुछ मशीनें बड़ी कंपनियां ही लगा सकती हैं'

ईराकी ने बताया कि कानपुर-उन्नाव मे बीते कुछ वर्षो मे फुटवियर निर्माण का काम तेजी से बढ़ा है। इस बीच उत्तर प्रदेश सरकार रोजगार और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए फुटवियर पॉलिसी लाने जा रही है। इससे कानपुर और आगरा मे तेजी से निवेश आएगा। फुटवियर निर्माताओ के लिए सबसे बड़ी समस्या बड़ी मशीनो की है। डेस्मा और पीयू लेमिनेशन मशीनो के साथ अन्य सुविधाओ से युक्त एक कॉमन फैसिलिटी सेंटर की सख्त जरूरत है। ये मशीने सिर्फ बड़ी कंपनिया लगा सकती है। छोटे कारोबारी मिलकर मशीन लगा भी ले, तो इसके डाउन होने की स्थिति मे मुश्किले बढ़ सकती है। अत्याधुनिक सुविधाओ के साथ कॉमन फैसिलिटी सेंटर तैयार होगा, तो छोटे कारोबारियो के लिए निर्यात की राह आसान हो जाएगी।

**फुटवियर पार्क में होगा विस्तार :** ईराकी ने कहा कि रमईपुर में प्रस्तावित उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) का फुटवियर पार्क चमड़ा उद्योग के विस्तार का रास्ता प्रशस्त करेगा। 130 एकड़ में प्रस्तावित इस पार्क में यूनिट लगाने वाले उद्यमियों के लिए कई तरह की सब्सिडी का भी प्रावधान किया गया है। एमएसएमई के लिए यहां पर्याप्त अवसर होंगे।